

# A Gender Policy Framework for State Action Plans on Climate Change (SAPCCs)











## जलवायु-परिवर्तन पर राज्य कार्य योजनाओं के लिए एक लिंग-भेद नीति फ्रेमवर्क



Alternative Futures

## A GENDER POLICY FRAMEWORK FOR STATE ACTION PLANS ON CLIMATE CHANGE (SAPCCS)

Policy Brief, 2012

© Alternative Futures

**ALTERNATIVE FUTURES**
Development Research and Communication Group
B-177, East of Kailash, New Delhi 110065
Website: www.alternativefutures.org.in; http://gencap.org.in
Email: afmailbox@gmail.com

**Written by:** Aditi Kapoor

**Cover Photos:** Alternative Futures

**Supported by:** Climate and Development Knowledge Network (www.cdkn.org)

This document is an output from a project funded by the UK Department for International Development (DFID) for the benefit of developing countries. However, the views expressed and information contained in it are not necessarily those of or endorsed by DFID, which can accept no responsibility for such views or information or for any reliance placed on them.

## जलवायु-परिवर्तन पर राज्य कार्य योजनाओं के लिए एक लिंग-भेद नीति फ्रेमवर्क

नीति पत्र (पोलिसी ब्रीफ) 2012

© अल्टरनेटिव फ्यूचर्स

**अल्टरनेटिव फ्यूचर्स**
डेवलपमेंट रिसर्च एण्ड कम्यूनिकेशन
बी –177, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली – 110005
वेब साईटः Website: www.alternativefutures.org.in; http://gencap.org.in
ई–मेलः afmailbox@gmail.com

**लेखिका:** अदिती कपूर

**कवर फोटो:** अल्टरनेटिव फ्यूचर्स

Designed by Aspire Design

# A Gender Policy Framework for State Action Plans on Climate Change (SAPCCs)

To deal with the impacts of climate change, all state governments and Union Territories in India have made, or are in the process of making, their State Action Plans on Climate Change (SAPCCs), based on India's National Action Plan on Climate Change (NAPCC). Mandated by the Ministry of Environment and Forests, several of these plans are available on the respective State government websites. While the NAPCC recognizes in principle that women are impacted first and worst by climate change, the gender dimension is yet to be addressed at all in the action plans. This policy brief highlights the gender dimensions of climate change in the context of SAPCCs. It suggests:

- an insight into gender differentiated impacts of climate change;
- why women need to be an integral part of all climate solutions;
- specific actions that different government and non-government agencies must take to ensure that women are able to adapt to climate change; and
- how women can contribute to the overall development of the country by contributing to climate change adaptation.

## Introduction: Is climate change gender-neutral?

Gender and climate change are usually treated as two distinct areas of study though growing empirical studies and literature on gender and climate change adaptation show that gender differentials are critical to the success of adaptation interventions. This is because men and women play different roles in society and because power relations between men and women are unequal. While a large number of poor, rural women depend on climate-sensitive resources for survival and their livelihoods, they are also less likely to have the education, opportunities, authority, decision-making power and resources they need to adapt to climate change. The Fourth Assessment Report (2007) of the Inter-governmental Panel on Climate Change (IPCC) clearly states that women's vulnerability to climate change differs from men and climate change interventions that are not gender-responsive often result in deepening the existing gender divide.

Thus, a strong gender component is necessary for successful articulation and implementation of all the State Action Plans on Climate Change (SAPCCs).

The National Action Plan on Climate Change (NAPCC) flags this gender divide and says that 'the impacts of climate change could prove particularly severe for women. With climate change, there would be increasing scarcity of water, reduction in yields of forest biomass, and increased risks to human health with children, women and the elderly in a household becoming the most vulnerable. With the possibility of decline in availability of foodgrains, the threat of malnutrition may also increase. All these would add to deprivations that women already encounter and so in each of the adaptation programmes, special attention should be paid to the aspects of gender (NAPCC, pg. 12).' The table in **Annexure 1**, based on a recent study[1], shows the gendered impact of climate change in four agro-climatic zones in India. The IPCC concludes that 'the role of gender in influencing adaptive capacity and adaptation is thus an important consideration for the development of interventions to enhance adaptive capacity and to facilitate adaptation' (Chapter 17, pgs 729-730).

Gender and climate change are usually treated as two distinct areas of study though growing empirical studies and literature on gender and climate change adaptation show that gender differentials are critical to the success of adaptation interventions.

1 Kapoor, Aditi (2011), Engendering the Climate for Change: Policies and Practices for Gender-just Adaptation, New Delhi: Alternative Futures, HBF and Christian Aid, pg 20. Available at: http://alternativefutures.org.in/userfiles/Engendering%20the%20Cilmate%20for%20Change.pdf

The Central government's guidelines for formulation of SAPCCs emphasizes the importance of climate change in meeting the Millennium Development Goals (MDGs). Addressing gender concerns is vital to realize India's national development priorities, including the MDGs. The table in **Annexure 2** shows why women matter when addressing climate change barriers to development.

## Women as Key Stakeholders

Adaptation Plans of all SAPCCs' primarily focus on agriculture and allied services, water resources, forestry and on coping with natural disasters. Official records and statistics show that gender concerns are dominant in these areas.

A 1995 study by the National Commission for Women on women in agriculture revealed that women handle about 60% of agricultural operations like sowing of seeds, transportation of sapling, winnowing, storage of grain, etc. and also help men perform the other tasks. Women also spend up to 60% of their time in agriculture-related activities, according to a recent FAO working paper on the role of women in agriculture (March 2011). India's Mahila Kisan Sashaktikaran Pariyojana (MKSP) acknowledges that the climate-sensitive agriculture sector employs 80% of all economically active women . It says that 'almost all women in rural India can be considered as 'farmers' in some sense, working as agricultural labourers, unpaid workers in the family farm enterprises or combination of the two.' According to the 11th Five-year Plan, there is increasing feminization of the agriculture sector, including agriculture labour and in the number of women-headed households. About a fifth of the rural households are women-headed. The dominance of women workers is also seen in animal husbandry, collection of minor forest produce and about a quarter (24%) of all fisherfolk are women.

Women are also typically responsible for providing their homes with water, firewood, fodder, food and herbs - all of which are also sensitive to climate changes. The 11th Plan says that 'women and girls spend a great deal of time gathering fuel, adversely affecting their (health), productivity and education' About '92% of rural domestic energy still comes from 'unprocessed biofuels (firewood, crop waste, cattle dung), and 85% of rural cooking fuel is gathered from forests, village commons, and fields.'

'almost all women in rural India can be considered as 'farmers' in some sense, working as agricultural labourers, unpaid workers in the family farm enterprises or combination of the two.'

Several studies[2] have shown that weather-related disasters affect women more than men, both in terms of number of deaths and post-recovery well-being. Women also shoulder a greater care-taking burden during the rehabilitation phase and men return to their productive roles faster than women.

A recent study[3] gives empirical evidence, from four agro-climatic zones, to show how women are impacted more than men; and, where adaptation measures are undertaken, how they play a greater role than men in helping these succeed. The study shows how climate change is making matters worse for women because women are investing more time and labour to both cope with climate change impacts and in many of the adaptive interventions.

Thus, there is a need for **double mainstreaming** wherein all adaptation interventions are gender-responsive and all development programmes and schemes integrate adaptation and gender to ensure balanced and inclusive growth.

Thus, there is a need for double mainstreaming wherein all adaptation interventions are gender-responsive and all development programmes and schemes integrate adaptation and gender to ensure balanced and inclusive growth.

2 UNDP 2010, IPCC 2007, Oxfam 2005, IUCN (undated).
3 'Kapoor, 2011, op cit

# Framework to Incorporate Gender Concerns in SAPCCs

| **Overall Approach**<br>**Promote women as drivers of change, building on women's agency for adaptation across all relevant State Departments** | |
|---|---|
| **Area of Intervention** | **Gender-responsive Components** |
| Presentation of the State-level Climate Change Action Plans | • Incorporate gender-responsive language and analysis in the SAPCCs – incorporating gender-responsive language and gender-responsive outcomes in the national adaptation Missions and the State climate plans is the starting point for gender equality.<br>• Make socio-economic vulnerability assessment part of the overall vulnerability assessment in the SAPCCs[4] *because adaptation interventions depend on local capacities.* |
| More relevant information and actions needed for adaptation-related programmes/ schemes of other Departments | • Collect gender-disaggregated baseline data.<br>• Set gender-specific objectives in programmes and schemes.<br>• Set gender-specific indicators in programmes and schemes.<br>• Carry out gender-focused monitoring and evaluation, including gender-sensitive audits of adaptation programme and schemes.<br>• Build capacities of women and men to implement participatory schemes at the village-level; and to be active members of decision-making bodies within the 3-tier governance institutions.<br>• Build capacities on gender and adaptation within all governance institutions – the PRIs, line agencies, DRDAs and the District Commissioner/Collector offices. |
| Data Collection | • Involve more women and women scientists in data collecting teams to:<br>  ◦ Recognise women's climate-related observed data at the local level through documentation;<br>  ◦ Collaborate with local women to collect and analyze climate-related data; and<br>  ◦ Scientifically validate women's traditional knowledge, build on it. |
| Special working relationship with the Departments of Women and Child Development | • Partner, support and collaborate with the Departments of Women and Child Development on adaptation programmes and schemes to help build capacities within the Departments to work on gender and climate change adaptation. |
| Special focus on adaptation through Gram Panchayats | • Partner, support and collaborate with the Panchayati Raj Department to help Gram Panchayats develop participatory and gender-just 'Local Action Plans on Adaptation' or LAPAs, at the Panchayat level, in addition to their mandate of developing and implementing the Village-level Development Plans.<br>*This would include building capacities of PRI Members on climate proofing, carrying out local measurement of climate variables, appreciating gender-disaggregated impacts of climate change and pro-actively involving women in decision-making, managing and implementing adaptation-focused programmes and schemes.* |

4 The Madhya Pradesh SAPCC has made a beginning by factoring in socio-economic vulnerability indicators to some extent.

| | |
|---|---|
| Encouraging 'bottoms-up' learnings on adaptation interventions and working with multi-stakeholder partnerships, including women-focused groups. | ♦ Build a gender-responsive communication strategy to inform and garner input from the general public on adaptation measures. *This means active participation of women in the public debates and in feedback systems.*<br>♦ Scale-up/learn from on-going community initiatives on adaptation with a focus on successful roles played by women.<br>♦ Build capacities and hand-hold vulnerable people, especially women, in an on-going and sustainable manner.<br>♦ Promote women as drivers of change and build on women's agency.<br>♦ Network across stakeholders to help deliver successful adaptation models to those most vulnerable to climate vagaries. |
| Gender Budgeting | ♦ Ensure gender-budgeting based on gender-differential data. *Thus, for example, if more women are engaged in farming due to extensive male migration (seasonal or permanent), more adaptation funds must be targeted for women and accounted for. Again, adaptive measures to augment water sources must be directed towards women's involvement (as owners, workers, managers, etc.) if women shoulder the responsibility of accessing water.*<br>♦ Develop participatory and gender-just LAPAs including required additional resources for women. |

Source: Adapted from Kapoor, 2011 (pg. 54-56), op cit

**Annexure 1**
**Gendered Impacts of Climate Change**

| Climate Change | Impacts on Women | Impacts on Men |
|---|---|---|
| Lower food production | ♦ Least to eat; sleep on an empty stomach<br>♦ Need to take on additional work as wage labour – feminisation of agriculture labour (States: WB, UP, AP) | First priority to available food |
| Cyclone Aila, floods, water-logging, droughts, delayed snowfall – drying waterways | ♦ Longer walks to get water and fuelwood<br>♦ Loss of fodder and livestock – primarily women's livelihood<br>♦ Drought/infrequent spells of rains – harder soil for manual work | Distress migration |
| Higher summer temperatures | ♦ Lower milk production among animals<br>♦ More tiring work in fields even in April (HP)<br>♦ Longer hours - "I wake up 2 hours earlier to go to the field in summers now because the afternoons are too hot to work," Lakshmi Devi (AP), Same in HP, Eastern UP | Lesser tasks in the field<br><br>Distress migration |
| Effect on regeneration of species | Medicinal herbs and fodder unavailable in forests now (HP) | |
| Heavy rainfall | ♦ More weeding jobs<br>♦ Water, fodder, fuelwood difficult<br>♦ Excess rains/low rainfall, women's opportunity for wage employment declines | |
| Untimely rainfall<br>Rain in villages where it used to snow | Lower farm production and consequences of male distress migration – work overload on own farm and as wage labour plus care giver | Distress migration |
| Social impact – higher indebtedness | Women go to take loans and have the responsibility to pay off loans! They take loans from parental family, pawn their jewellery to pay off agricultural loans. | Distress migration |
| Social impact – male migration | Women and child trafficking/HIV AIDS | |
| Social impact – domestic violence | Increase in domestic violence | |

Adapted from Kapoor, 2011 (pg. 20), op cit.

| **Annexure 2<br>Gender, Climate Change and MDGs** | | |
|---|---|---|
| **MDGs** | **Climate change barriers to development** | **Gender dimension** |
| Goal 1: Eradicate extreme hunger and poverty | Reduction of agricultural production for survival and commercial ends<br><br>Food security at risk<br><br>Less access to safe water | Loss of domestic species of plants and animals used by women to ensure food security of their families.<br><br>Reduction, mobilization, or extinction of marine species used by women for household consumption or for productive activities.<br><br>Increase in women's workload due to decline in availability of water and other resources. |
| Goal 2: Achieve universal primary education | Increases the workload needed for agricultural production and subsistence activities<br><br>Environmental changes are likely to drive migration | Generally, girls and women are responsible for the collection of water and fuel wood. If the time they invest in these tasks increases, their capacity to attend school is at risk.<br><br>According to UNHCR, 80% of refugees in the world are women and children. Migration of populations, given extreme changes and disasters, could interrupt and limit the opportunities for education.<br><br>Men are more likely to migrate, either seasonally or for a number of years. Female-headed households left behind are often the poorest. The workload of these women, their children and the elderly increases significantly as a result of male migration. |
| Goal 3: Promote gender equality | Depletion of natural resources, reduced agricultural productivity and increased climate-related disasters could:<br>• Place additional burden on women's health<br>• Reduce the livelihood assets of women<br>• Increase women's time to access water, fuelwood, fodder and food thereby reducing time to participate in income-generating activities or in decision-making groups | *This dimension has been mainstreamed across all the other Goals.* |
| Goal 4: Reduce child mortality<br><br>Goal 5: Improve maternal health | Environmental effects can aggravate the risk of contracting serious illnesses<br><br>Increased prevalence of some vector-borne diseases | Increase in women's workload due to their role as primary care givers in the family.<br><br>Loss of medicinal plants used by women.<br><br>Pregnant women are particularly susceptible to water-borne diseases. Pregnant women are four times likely to contract malaria and 18 times more likely if they are carrying the HIV virus.[5] Malaria-induced maternal anaemia is responsible for a quarter of maternal mortalities.<br>Women and children are fourteen times more likely to die than men during a disaster.[6] |

5 http://www.eurongos.org/Files/HTML/EuroNGOs/AGM/Malaria_Climate_Change_SRH.pdf
6 http://cmsdata.iucn.org/downloads/disaster_and_gender_statistics.pdf

| | | |
|---|---|---|
| Goal 6: combat HIV/AIDS, malaria and other diseases | Increase in temperatures (heat waves) | The high mortality rates of mothers / women / spouses during disasters result in an increase in: the numbers of orphans and mortality rates; early marriages for young girls (new spouses) causing them to drop out of school; trafficking and prostitution which in turn increase exposure to HIV/AIDS.[7]<br><br>Migration enhances the risk of getting HIV/AIDS, given that families are separated and they are forced to live in overpopulated spaces.<br><br>In developing countries, the poorer households affected by HIV/AIDS have less resources to adapt to the impacts of climate change. The need to adopt new strategies for crop production (such as irrigation) or mobilization of livestock is harder for female-headed households and for houses with HIV infected people. |
| Goal 7: Ensure environmental sustainability | Extinction of species, changes in species composition, disruption of symbiotic relationships, changes in tropic cascades, among others.<br><br>Changes in the quantity and quality of natural resources could reduce the productivity of ecosystems.<br><br>Floods, droughts, rising sea levels, melting of glaciers and polar icecaps. | Without secure access to and control over natural resources (land, water, livestock, trees), women are less likely to be able to cope with climate change impacts.<br><br>Less available drinking water means women have to expend more effort to collect, store, protect and distribute water.<br><br>Adaptation measures, related to anti-desertification, are often labour-intensive and women often face increasing expectations to contribute unpaid household and community labour to soil and water conservation efforts.<br><br>Decrease in forest resources used by women.<br><br>Women often rely on a range of crop varieties (agro-biodiversity) to accommodate climatic variability, but permanent temperature change will reduce agro-biodiversity and the range of traditional medicinal plants.<br><br>Lack of representatives and women's participation in the decision-making spheres related to climate change at all levels (local, national and international). |

Adapted from UN Millennium Campaign and IUCN Report on Gender and Climate Change (no date)

## References


- Adger, W. N., et al (2007). Assessment of adaptation practices, options, constraints and capacity. In Parry, M. L., et al. (Eds) Climate Change 2007: Impacts, Adaptation and Vulnerability. Contribution of Working Group II to the Fourth Assessment Report of the Intergovernmental Panel on Climate Change, Cambridge University Press, Cambridge, UK, 717-743.
- FAO (2011). Role of Women in Agriculture, ESA Working Paper No. 11-02 Prepared by SOFA Team and Cheryl Doss. Food and Agriculture Organisation, Rome. Available at http://www.fao.org/publications/sofa/en/
- IUCN, The World Conservation Union (undated). Gender and Climate Change by Lorena Aguilar, Ariana Aroujo and Andrea Quesada-Aguilar. http://www.gender-climate.org/pdfs/FactsheetClimateChange.pdf, accessed June 5, 2011.
- Kapoor, Aditi (2011). Engendering the Climate for Change: Policies and Practices for Gender-just Adaptation. Research Report. Alternative Futures, Heinrich Boll Foundation, Christian Aid, New Delhi. Available at www.alternativefutures.org.in
- National Commission for Women (2010) Impact of WTO Women in Agriculture. National Commission for Women, Government of India. http://www.scribd.com/doc/36791585/Impact-of-WTO-Women-in-Agriculture, accessed on May 12, 2011
- Oxfam International (2005). The tsunami's impact on women. Oxfam Briefing Note, Oxford, United Kingdom. Available at http://www.preventionweb.net/files/1502_bn050326tsunamiwomen.pdf
- UNDP (2010). Gender and Disasters. A Report by Bureau for Crisis Prevention and Recovery, UNDP, New York.


7 Oxfam International (2005). The tsunami's impact on women. Oxfam Briefing Note, Oxford, United Kingdom. Available at http://www.preventionweb.net/files/1502_bn050326tsunamiwomen.pdf

# जलवायु-परिवर्तन पर राज्य कार्य योजनाओं के लिए एक लिंग-भेद नीति फ्रेमवर्क

देश और दुनिया में हो रहे जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में हमारे राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेषों ने कार्य–योजनाएं (स्टेट ऐक्शन प्लानस ऑन क्लाइमेट चेंज–एस.ए.पी.सी.सी.) बनाई हैं। यह योजनाएं नेशनल ऐक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज (एन.ए.पी.सी.सी.) पर आधारित हैं। इन कार्य–योजनाओं के संदर्भ में यह नीति पत्र जलवायु–परिवर्तन के लिंग–भेद आयामों पर प्रकाश डालता है। ऐसी कुछ योजनाएं राज्य–सरकारों की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। यह पत्र महिलाओं पर होने वाले जलवायु–परिवर्तन के प्रभावों का अलग से विश्लेषण करता है, और बताता है कि क्यों महिलाओं को सभी जलवायु समाधानों का एक अभिन्न हिस्सा बनाने की जरूरत है। साथ ही साथ यह पत्र यह भी बताता है कि विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी संस्थाएं क्या कदम उठायें ताकि महिलाएं जलवायु–परिवर्तन अनुकूलन में उचित योगदान कर सकें और महिलाएं देश के समग्र विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु योगदान दे सकें।

आमतौर पर लिंग–भेद और जलवायु–परिवर्तन को एक साथ नहीं देखा जाता है, जबकि लिंग–भेद और जलवायु–परिवर्तन–अनुकूलन पर किये गये अनेक अध्ययन बार–बार यही दर्शाते हैं, कि एक सशक्त व सम्पूर्ण महिला दृष्टिकोण अनुकूलन समाधानों की सफलता के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। यह इसलिये कि न केवल समाज में पुरूष और महिलाओं की अलग–अलग भूमिका है, बल्कि इसलिये कि इनके आपसी सम्बन्धों में भी घोर असमानताएं हैं। गरीब, ग्रमीण महिलाओं की एक बड़ी संख्या अपने अस्तित्व और आजीविका के लिए ऐसे संसाधनो पर निर्भर करती है जो जलवायु से बहुत प्रभावित होते हैं। साथ ही साथ उनके पास शिक्षा, अवसर, अधिकार, निर्णय लेने की क्षमता और संसाधन नहीं के बराबर होते है जिस कारण वे जलवायु–परिवर्तन से तालमेल बिठाने में अक्षम हो जाती हैं। जलवायु–परिवर्तन के खतरे पुरूषों की तुलना में महिलाओं के लिए कहीं ज्यादा भयावह हो सकते हैं (स्रोतः इन्टर–गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज, फोर्थ असेस्मेंट रिपोर्ट–2007)।

**इस प्रकार सभी राज्यों की जलवायु-परिवर्तन कार्य-योजनाओं की सफल अभिव्यक्ति और कार्यान्वयन के लिए एक मजबूत लिंग आधारित पक्ष की आवश्यकता है।**

राष्ट्रीय जलवायु–परिवर्तन की कार्य योजना (एन.ए.पी.सी.सी.) ने इस लिंग आधारित पक्षों को बहुत सही ढंग से अभिव्यक्त किया है और कहा है कि जलवायु–परिवर्तन के प्रभाव महिलाओं के लिए विशेष रूप से गंभीर साबित हो सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के साथ, पानी की कमी बढ़ने लगेगी, वन–जैव–उत्पादों की पैदावार में कमी होने लगेगी और बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य बिगड़ने का खतरा बढ़ जायेगा। इसके साथ–ही–साथ खाद्यान्न की उपलब्धता में गिरावट की संभावना भी बढ़ जायेगी जिससे कुपोषण की समस्या बढ सकती है। ये सभी प्रभाव महिलाओं की समस्याओं को बढ़ायेंगें। यदि जलवायु–अनुकूलन पर महिलाओं के दृष्टिकोण से घ्यान नहीं दिया गया तो यह स्थिति मौजूदा लिंग–भेद को और भी गहरा कर देगी। इसलिये यह ज़रूरी है कि अनुकूलन कार्यक्रम–सम्बन्धी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाये (NAPCC, पृष्ठ 12)। अनुबंध 1 में दी गई टेबल देश के चार कृषि प्रधान क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को दर्शाती है। एन.ए.पी.सी.सी. अपनी रिर्पोट में इस निष्कर्ष को दर्शाता है कि लिंग–आधारित जलवायु अनुकूलन को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस प्रकार जलवायु अनुकूलन की दिशा में हमारा प्रयास कॉफी सफल हो सकता है (NAPCC, अध्याय 17, पृष्ठ 729–30)। इस टेबल में दी गई जानकारी हाल के एक अध्ययन[1] पर आधारित है।

आमतौर पर लिंग-भेद और जलवायु-परिवर्तन को एक साथ नहीं देखा जाता है, जबकि लिंग-भेद और जलवायु-परिवर्तन-अनुकूलन पर किये गये अनेक अध्ययन बार-बार यही दर्शाते हैं, कि एक सशक्त व सम्पूर्ण महिला दृष्टिकोण अनुकूलन समाधानों की सफलता के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल की चौथी आंकलन रिपोर्ट (IPCC Fourth Assessment Report, 2007) ने यह निष्कर्ष निकाला है कि अनुकूल–क्षमता बढ़ाने और अनुकूल उपायों के विकास तथा उन्हें अपनाने में लिंग आधारित दृष्टिकोण बहुत

1 Kapoor, Aditi (2011), Engendering the Climate for Change: Policies and Practices for Gender-just Adaptation, New Delhi: Alternative Futures, HBF and Christian Aid, pg 20. Available at: http://alternativefutures.org.in/userfiles/Engendering%20the%20Cilmate%20for%20Change.pdf

महत्वपूर्ण है। इससे न केवल समाज में लोगों की अनुकूलन कर पाने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि वास्तव में अनुकूलन को भी बढ़ावा मिलेगा (अध्याय 17, पृष्ठः 729–30)।

भारत की राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं एवं सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों को साकार करने के लिए भी महिला–संबंधी मुद्दों को संबोधित करना अति आवश्यक है। अनुबन्ध–2 में दी गई टेबल दर्शाती है कि महिला प्रेरित दृष्टिकोण, विकास कार्यक्रमों में जलवायु परिवर्तन संबंधी बाधाओं को संबोधित करने के लिये कितना ज़रूरी है।

## प्रमुख हितधारकों (स्टेकहोल्डरस) के रूप में महिलाएं

एस.ए.पी.सी.सी. की सभी अनुकूलन योजनाएं मुख्य रूप से कृषि और संबंधित सेवाओं संसाधनो, वानिकी और प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने की क्षमता पर केंद्रित हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इन सभी क्षेत्रों में महिला–संबंधी मुद्दे प्रमुख हैं।

कृषि–संबंधी कार्यों में अकेले महिलाएं 60 प्रतिशत योगदान देती हैं, जैसे बीजों की बुवाई, नर्सरी से पौध को खेतों तक ले जाना, भंडारण करना और साथ–ही–साथ अन्य कार्यों में पुरूषो की मदद करना। महिलाएं अपना 60 प्रतिशत समय कृषि–संबंधी कार्यों में देती हैं। देश के कृषि क्षेत्र में 80 प्रतिशत महिलाएं काम कर रही हैं। असल में लगभग सारे ग्रामीण भारत में महिला किसान ही हैं, जो या तो औरों के यहां कृषि–श्रमिक का काम करती हैं, या फिर अपने ही परिवारिक खेतों पर मजदूरी करती हैं (महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना, ग्रामीण विकास मंत्रालय)।

11वीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार कृषि–श्रमिक और कृषि क्षेत्र का स्त्रीकरण भी बढ़ता जा रहा है। कृषि–मजदूरों के रूप में तो महिलायें भारी संख्या में हैं। साथ–ही–साथ, कृषि क्षेत्र में ऐसे परिवारों की सख्या बढ़ रही है जिनकी मुखिया महिलायें है। ग्रामीण परिवारों का पांचवा हिस्सा ऐसा है, जिनका संचालन महिलायें ही कर रही हैं। महिला श्रमिकों का अनुपात पशुपालन में और जंगलों से गैर इमारती लकड़ी के उत्पादों को इकट्ठा करने जैसे कार्यों में भी काफी ज्यादा है। करीब एक चौथाई (24 प्रतिशत) मछुआरे व मछली किसान महिलायें ही हैं।

आमतौर पर घरों में पानी, लकड़ी, चारा, जड़ी–बूटियां आदि उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी महिलाओं की होती है। इन सभी चीजों पर जलवायु–परिवर्तन के प्रभाव देखे जा रहे हैं। 11वीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार महिलाओं और लड़कियों को ईंधन–लकड़ी इकट्ठा करने में बहुत सारा समय खर्च करना पड़ता है जिसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य, कार्य–शक्ति व पढ़ाई–लिखाई पर पड़ता है। 11वीं पंचवर्षीय योजना के

असल में लगभग सारे ग्रामीण भारत में महिला किसान ही हैं, जो या तो औरों के यहां कृषि-श्रमिक का काम करती हैं, या फिर अपने ही परिवारिक खेतों पर मजदूरी करती हैं (महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना, ग्रामीण विकास मंत्रालय)।

अनुसार, ग्रामीण घरेलू ऊर्जा का 92 प्रतिशत असंसाधित जैव ईंधन (लकड़ी, फसलों का कुड़ा–करकट, मवेशियों का गोबर, आदि) से प्राप्त होता है और खाना पकाने के लिये 85 प्रतिशत ईंधन जंगलों, गावों और खेतों से इकट्ठा किया जाता है।

कई अध्ययनों[2] ने भी यह दिखाया है कि मौसम–संबंधी आपदाओं में मरने वालो की व आपदा के बाद ठीक जीवन न जी पाने वालों की संख्या को देखें तो पुरूषों की तुलना में ये आपदाएं महिलाओं को कहीं ज्यादा प्रभावित करती हैं। पुनर्वास चरण के दौरान महिलाओं का देखभाल का बोझ भी बढ़ जाता है, और पुरूष अपने काम–काज पर महिलाओं की तुलना में जल्दी वापस घर आ जाते हैं।

हाल ही में एक अध्ययन ने चार कृषि–प्रधान क्षेत्रों से अनुभवजन्य ठोस प्रमाण पेश किये हैं[3]। यह अध्ययन बताता है कि जलवायु–परिवर्तन से महिलाएं पुरूषों की तुलना में अधिक प्रभावित हो रही हैं, और जहां अनुकूलन के उपाय प्रयोग में लाये जा रहे हैं वहां पुरूषों की तुलना में महिलाएं अधिक ठोस भूमिका निभा रही हैं। यह अध्ययन यह भी बताता हैं कि जलवायु–परिवर्तन के कारण कैसे महिलाओं का जीवन दुष्कर बनता चला जा रहा है, क्योंकि महिलाओं को इन परिवर्तनों के प्रभावों से निपटने के लिये और अनुकूली उपायों को लागू करने के लिए अधिक श्रम और समय देना पड़ रहा है।

इसलिये एक ऐसी दो–मुखी रणनीति की ज़रूरत है जिसके तहत न केवल अनुकूलन उपाय महिला–प्रेरित हों बल्कि सभी विकास–सम्बन्धी कार्यक्रमों और योजनाओं का महिला–मुद्दों के साथ एकीकरण हो। इसका फल यह होगा कि सारा विकास संतुलित और समग्र होगा।

इसलिये एक ऐसी दो-मुखी रणनीति की ज़रूरत है जिसके तहत न केवल अनुकूलन उपाय महिला-प्रेरित हो बल्कि सभी विकास-सम्बन्धी कार्यक्रमों और योजनाओं का महिला-मुद्दों के साथ एकीकरण हो। इसका फल यह होगा कि सारा विकास संतुलित और समग्र होगा।

2 UNDP 2010, IPCC 2007, Oxfam 2005, IUCN (undated).

3 'Kapoor, 2011, op cit

## एस.ए.पी.सी.सी. में महिला मुद्दों के एकीकरण के लिये फ्रेमवर्क/कुल मिलाकर दृष्टिकोण

सभी प्रासांगिक राज्य विभागों में अनुकूलन-सम्बन्धी कार्यों में महिलाओं की भूमिका सुदृढ़ करना

| पहल का क्षेत्र | महिला-प्रेरित आयाम |
|---|---|
| राज्यस्तरीय जलवायु–परिवर्तन कार्य–योजनाओं की तैयारी | एस.ए.पी.सी.सी. में ऐसी भाषा और विश्लेषण का इस्तेमाल जो महिला–सम्बन्धी मुद्दों को उजागर करें। राष्ट्रीय अनुकूलन मिशन तथा राज्य स्तरीय अनुकूलन योजनाओं में लिंग भेद को पहचानने वाली भाषा का इस्तेमाल करना, महिला समानता को लाने की शुरूवात होगी। |
| | एस.ए.पी.सी.सी. का सामाजिक–आर्थिक व जन–असुरक्षा मूल्यांकन ज्यादा व्यापक मूल्यांकन का हिस्सा हो। यह इसलिये कि अनुकूलन पहले स्थानीय क्षमताओं पर निर्भर करता है[4]। मध्य प्रदेश एस.ए.पी.सी.सी. ने इस मामले की शुरुआत कर दी है। |
| अन्य विभागों के जलवायु अनुकूल–सम्बन्धी कार्यक्रमों व योजनाओं के साथ सहयोग | • लिंग आधारभूत आकड़ों (बेस–लाईन डेटा) का संग्रह।<br>• विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं में महिला–प्रेरित उद्देश्यों को प्राथमिकता देना।<br>• कार्यक्रमों और योजनाओं में महिला–संबंधी विशेष मापदण्ड तैयार करें, जिनमें लिंग–भेद–केंद्रित अनुकूलन कार्यक्रमों की निगरानी और मूल्यांकन भी शामिल हो।<br>• महिलाओं और पुरूषों को क्षमता प्रदान करें ताकि वे गांव स्तर पर भागीदारी योजनाओं को चला सकें और त्री–स्तरीय प्रशासनिक संस्थाओं में सदस्यों की भूमिका भी निभा सकें।<br>• सभी शासन संस्थाओं, पंचायती–राज संस्थाओं, लाइन एजेंसियों, डी.आर.डी.ए. और जिला आयुक्त/कलेक्टर कार्यालयों – में लिंग और जलवायु अनुकूलन क्षमता का निर्माण करना। |
| आंकड़े इकट्ठे करना | • महिलाओं और महिला–वैज्ञानिकों को जानकारी/आंकड़े इकट्ठे करने वाली टीमों में शामिल करना ताकिः<br>  – स्थानीय महिलाओं द्वारा देखी व बतायी गई जलवायु–संबंधी जानकारी को एक दस्तावेज के रूप में तैयार करें और पहचाने<br>  – स्थानीय स्तर पर जलवायु–संबंधी जानकारी व आंकड़े इकट्ठा और विश्लेषण करने के लिए स्थानीय महिलाओं के साथ पूरा सहयोग करें।<br>  – महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान वैज्ञानिक कसौटी पर पहचाने और बढावा दें। |
| महिला–व–बाल विकास विभागों से साथ विशेष सहयोग | राज्यों के महिला–व–बाल–विकास विभागों के साथ सहयोग व भागीदारी और उन्हें मदद करना, जिससे वे इन विभागों में लिंग–भेद और जलवायु–अनुकूलन क्षमता का निर्माण कर सकें। |
| ग्राम पंचायतों के माध्यम से अनुकूलन पर विशेष ध्यान | • पंचायती–राज विभागों के साथ सहयोग व भागीदारी और उन्हें पूरी सहायता जिससे ग्राम–पंचायतें अनुकूलन पर ऐसी स्थानीय कार्य–योजनाओं को विकसित कर सकें जो महिलाओं के लिए न्यायपूर्ण हों, और साथ ही साथ उनकी भागीदारी को भी प्रोत्साहित करें। यह प्रयास मुख्य ग्राम–स्तरीय विकास–योजनाओं के साथ भी जुड़ा हो।<br>• इस प्रयास का योगदान होगाः जलवायु पर पंचायती–राज संस्थाओं के सदस्यों की क्षमता का निर्माण, जलवायु मापदण्डों का नाप–तौल, महिला–सम्बन्धी जलवायु–परिवर्तन के प्रभावों की पहचान और सक्रिय रूप से निर्णय–प्रणाली में तथा जलवायु–अनुकूलन–सम्बन्धी कार्यक्रमों व योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी। |
| ज़मीनी स्तर से जुड़ कर अनुकूलन के पहल को सीखने हेतु प्रोत्साहित करना। साथ ही साथ अन्य साझेदारों के साथ मिलकर जलवायु–अनुकूलन को बढ़ावा देने हेतू तरीकों की खोज करना (इन साझेदारों में महिलाओं के बीच कार्य करने वाले ग्रुप भी शामिल हों।) | • एक महिला–प्रेरित लोक–संवाद रणनीति को अपनाना जिसके द्वारा आम लोगो को जलवायु–अनुकूलन के उपायों के बारे में बताया जा सकें तथा उनसे इन उपायों पर सुझाव इकट्ठे किये जा सकें। इस प्रयास का फायदा यह होगा कि महिलायें जन–बहसों में और अपनी राय देते हुये पूरी तरह भाग ले सकेंगी।<br>• जलवायु–अनुकूलन पर उठायी जा रही समुदायी पहलों से सीखें व उन्हें आगे बढ़ाएं और इस तरह से महिलाओं द्वारा किये गयें सफल प्रयासों की पहचान बनाएं।<br>• असुरक्षित लोगों खासकर महिलाओं को दिशा दिखाएं एवं स्थायी रूप से उनकी क्षमता बढ़ाएं।<br>• एक बड़े बदलाव के लिये महिलाओं का नेतृत्व तैयार करें।<br>• साझेदारों के बीच नेटवर्क, अर्थात आपसी ताल–मेल व सहयोग बढ़ाएं जिससे निर्बल और कमजोर लोगों के लिये सफल जलवायु–अनुकूलन के मॉडल तैयार किये जा सकें। |

4 मध्य प्रदेश एस.ए.पी.सी.सी. ने इस मामले की शुरुआत कर दी है।

| | |
|---|---|
| महिला–प्रेरित बजट की तैयारी | ● लिंग–भेद के मद्देनज़र आंकड़ों में अंतर देख कर उस अन्तर के आधार पर लिंग–भेद बजट सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए, यदि अधिक सख्या में महिलाएं खेती में जुटने के लिए मजबूर हो गयी हैं तो जलवायु–अनुकूलन के लिये तय किये गये फंड महिलाओं के लिए लक्षित हों, और यह ध्यान रखा जाए कि यह राशि उन पर ही खर्च की जाये। इसके अतिरिक्त जल–संस्थानों की बढ़ोतरी हेतू उठाये गये कदम महिलाओं की पूर्ण भागीदारी के साथ उठाये जाएं। चाहें इनके मालिक, वर्कर या मैनेजर के रूप में।<br>● ऐसे एल.ए.पी.ए.एस. को विकसित करना जो महिलाओं के हित में हो, उनके साथ न्यायपूर्ण हो और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देते हों। इनमें महिलाओं के लिये अतिरिक्त संसाधन भी शामिल हों। |

स्रोत: Aditi Kapoor (2011), पृष्ठ 54-56 पर आधारित।

## अनुबंध 1
## जलवायु-परिवर्तन का महिलाओं पर अपेक्षित प्रभाव

| जलवायु परिवर्तन | महिलाओं पर प्रभाव | पुरूषों पर प्रभाव |
|---|---|---|
| गिरता खाद्य उत्पादन | ● सबसे कम भोजन मिल पाना/खाली पेट सोने को मजबूर<br>● अतिरिक्त मजदूरी करने की मजबूरी, कृषि–मजदूरी क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ोत्तरी (उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आन्ध्र प्रदेश) | पहली प्राथमिकता पर्याप्त भोजन उपलब्ध करना |
| चक्रवात, बाढ, सूखा, देरी से बर्फबारी, जल स्त्रोतों का सूखना | ● पानी और ईंधन–लकड़ी पाने के लिए दूर तक जाने की मजबूरी<br>● महिलाओं की आजीविका का एक मुख्य अंग–पशु व चारे की हानि<br>● सूखे से और कभी–कभी होने वाली बारिश से भूमि का सख्त हो जाना, सूखी और सख्त भूमि पर काम करने में कठिनाई | शहरों की ओर पलायन |
| गर्मियों में बढ़ता तापमान | ● दूध उत्पादन में गिरावट<br>● अप्रैल के महीने में भी खेतों में आधिक थकाऊ काम (हिमाचल प्रदेश)<br>● देर तक काम करने की मजबूरी<br>● ''ग्रीष्मकाल में मुझे खेत पर जाने के लिए दो घंटे पहले जागना पड़ता है, क्योंकि तपती दोपहर में काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है।'' लक्ष्मी देवी (आन्ध्र प्रदेश)। ऐसा ही हिमाचल प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी है। | खेतो में कम काम का हो पाना। शहरों की ओर पलायन |
| पौधों की प्रजातिओं के उत्थान पर प्रभाव | ● जंगलों में औषधीय जड़ी–बूटियों और चारे का न मिलना (हिमाचल प्रदेश) | |
| भारी वर्षा | ● खेती में अधिक निराई की ज़रूरत<br>● पानी, चारा, ईंधन–लकड़ी मुश्किल से मिलना<br>● अधिक बारिश/कम बारिश/महिलाओं के लिये मजदूरी व रोजगार के अवसरों में कमी | |
| असामयिक वर्षा/गांवों में वर्षा जहां पहले बर्फ पड़ती थी | कम कृषि उत्पादन और परिणाम स्वरूप पुरूषों का शहरों की ओर पलायन; अपने खेत पर भी काम का बढ़ जाना, दिहाड़ी पर मजदूरी करने की मजबूरी/देखभाल के काम में बढ़ोतरी | शहरों की ओर पलायन |
| सामजिक प्रभावः बढ़ती ऋणग्रस्तता | महिलाओं को ऋण लेने और बाद में उन पर ही इस भुगतान करने का बोझ पैतृक परिवार से कर्ज/आभूषणों को गिरवी रख कर कर्ज का भुगतान | शहरों की ओर पलायन |
| सामजिक प्रभावः पुरूष का शहरों की ओर पलायन | महिलाओं और बच्चों का अवैध व्यापार/एचआईवी/एड्स का फैलना | |
| सामजिक प्रभावः घरेलू हिंसा | घरेलू हिंसा में वृद्धि | |

स्रोत: Aditi Kapoor (2011), पृष्ठ 20 पर आधारित।

# अनुबंध 2
# लिंग, जलवायु-परिवर्तन और एमडीजी

| सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य (एमडीजी) | विकास लक्ष्यों पर जलवायु-परिवर्तन प्रेरित बाधाएं | लिंग-भेद आयाम |
|---|---|---|
| लक्ष्य 1:<br>चरम भूख और निर्धनता का उन्मूलन करना | कृषि उत्पादन में कमी के कारण कृषि–आमदनी में भारी कमी व परिवार का ठीक पोषण न कर पाने का खतरा।<br>खाद्य असुरक्षा<br>सुरक्षित पेय–जल की कमी | पौधों और पशुओं की घरेलू प्रजातियों के हनन के कारण जनित परिवारों की खाद्यय असुरक्षा।<br>महिलाओं द्वारा घरेलू खपत व उत्पादन के लिए काम में आने वाली समुद्री जीव प्रजातियों का विलुप्त होते जाना या इनकी उत्पति में कमी।<br>जल व अन्य संसाधनों की कमी के कारण महिलाओं का बढ़ता जा रहा कार्य भार। |
| लक्ष्य 2:<br>सार्वभौम/प्राथमिक/शिक्षा का लक्ष्य पूरा करना | कृषि उत्पादन और केवल जिन्दा रहने के लिये न्यूनतम गतिविधियों में काम के बोझ का बढ़ जाना। पर्यावरण परिवर्तनों के कारण शहरों की ओर पलायन की बढ़ती संभावनायें। | आम तौर पर घर के लिये पानी, ईंधन–लकड़ी लाने की जिम्मेदारी लड़कियों और महिलाओं की होती है। यदि उन्हें इन कार्यो के लिये ज्यादा समय देना पड़ता है तो वे स्कूल नहीं जा पाती हैं।<br>यूएनएचसीआर के अनुसार, दुनियां की 80% शरणार्थी महिलाएं और बच्चे हैं। चरम जलवायु–परिवर्तन और आपदाओं के कारण संभावित पलायन शिक्षा के अवसरों को कम कर सकता है। |
| | | पुरूषों के विस्थापित होने की संभावना अधिक है। वे या तो उस अवधि में जब गावों में काम नहीं मिलता या फिर कई वर्षो के लिये घर छोड़ कर चले जाना पड़ता है।<br>घर–परिवार को चलाने का बोझ महिलाओं पर पड़ जाता है जिससे उनके परिवारों की दशा बहुत दयनीय हो जाती है। पुरूषों के पलायन के फलस्वरूप महिलाओं पर बच्चों और घर के बुजर्गों के देखभाल का काम बढ़ जाता है। |
| लक्ष्य 3:<br>लिंग समानता को बढ़ावा देना | प्राकृतिक संसाधनों के खतम होने, कृषि की उत्पादकता कम होने और जलवायु–संबंधी प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ जाने के कारण:<br>• अतिरिक्त बोझ के पड़ने से महिलाओ के स्वास्थ्य में गिरावट<br>• महिलाओं की आजीविका–संपत्ति का कम होना<br>• महिलाओं को जल, ईंधन–लकड़ी, चारा और खाद्य को इकट्टा करने के लिये ज्यादा समय देना। जिससे उनकी आय–सृजन व सामूहिक गतिविधियों के लिये समय न बचना। | यह आयाम अन्य सभी लक्ष्यों में पिरोया गया है। |
| लक्ष्य 4:<br>बच्चो की मृत्यु दर कम करना | पर्यावरण प्रभाव: गंभीर बीमारियों के होने के खतरे का बढ़ना | परिवार में प्राथमिक देखभाल में व्यस्त हो जाने के कारण महिलाओं के काम का बोझ बढ़ जाना। |
| लक्ष्य 5:<br>मातृत्व–स्वास्थ्य में सुधार | वेक्टर–जनित रोगों के प्रसार का बढ़ना<br>तापमान में वृद्वि/गर्म हवाओं का चलना | महिलाओं द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले औषधीय पौधों की कमी होना। |

| | | |
|---|---|---|
| लक्ष्य 6: एचआईवी/एड्स/ मलेरिया और अन्य रोगों पर नियंत्रण | | गर्भवती महिलाओं में विशेष रूप से जल–जनित रोगों का खतरा होने की अधिक संभावना होती है।<br>आम जनता की अपेक्षा उनको मलेरिया होने की संभावना चार गुना होती है, और यह संभावना एचआईवी के साथ जीवन जी रही महिलाओं में 18 गुना बढ़ जाती है।[5]<br>एक–चौथाई माताओं की मौत उनमें मलेरिया के कारण हुई खून की कमी की वजह से होती है।<br>प्राकृतिक आपदाओं में महिलाओं और बच्चों के मरने की संभवाना पुरूषों की तुलना में चौदह गुना अधिक होती है।[6]<br>आपदाओं के दौरान महिलाओं, माताओं/पत्नियों की अकाल मृत्यु के परिणाम हैं: भारी सख्या में बच्चे अनाथ हो जाते हैं और देखभाल के अभाव में जल्दी मर जाते हैं; लड़कियों का जल्द विवाह हो जाने के कारण उनकी स्कूल की पढ़ाई छूट जाती है; औरतों की तस्करी और वेश्यावृत्ति बढ़ जाती है, जिस कारण उनमें एच.आई.वी./एड्स के होने की संभावना का बढ जाती है।[7]<br>परिवारों सें दूर और शहरी वातावरण में पुरूषों में एच.आई.वी./एड्स होने का खतरा बढ़ जाता है।<br>विकासशील देशों में एचआईवी/एड्स से प्रभावित अति–निर्धन परिवार के पास जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना करने के लिए कम संसाधन उपल्ब्ध होते हैं।<br>अकेले घर–परिवार चला रही महिलाओं के लिये और उन घरो के लिये जहां एचआईवी/एड्स संक्रमित लोग हों, कृषि–उत्पादन के नये तरीके अपनाना ;जैसे सिंचाईद्ध या मवेशिओं को इधर–उधर ले जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। |
| लक्ष्य 7: पर्यावरण की स्थिरता व सुरक्षा | प्रजातियों की विलुप्ति, उनकी संरचना में बदलाव तथा विघटन:<br>प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता व मात्रा में बदलाव के कारण पर्यावरण प्रणालियों की उत्पादकता का कम होना।<br>बाढ़, सूखा, बढ़ता समुद्री जल स्तर, ग्लेशियरों व ध्रुवीय बर्फ की परत का पिघलना। | प्राकृतिक संसाधन–भूमि, पानी, पशु, पेड़ आदि–पर महिलाओं की पहुंच नहीं होने से जलवायु–परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में वे सक्षम नहीं हो पाती हैं।<br>पीने के पानी की कम उपलब्धी का मतलब है महिलाओं को पानी इकट्टा करने, जमा रखने और उसकी सुरक्षा और वितरण के लिये और भी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।<br>रेगिस्तान बनती जा रही भूमि को बचाने हेतु प्रयोग में लाने वाले जलवायु–अनुकूलन के तरीकों में महिलाओं से ज्यादा मेहनत करने की अपेक्षा रहती है। साथ–ही–साथ उन्हें घर–परिवार का काम (जिसके लिये उन्हें कोई वेतन नहीं मिलता) और समूदाय द्वारा भूमि व जल संरक्षण में भी योगदान देना पड़ता है।<br>महिलाओं द्वारा इस्तेमाल में आने वाली वन–संसाधनों में कमी<br>जलवायु परिवर्तनशीलता को समायोजित करने हेतु महिलाएं अक्सर फसल की कई तरह की प्रजातियां व किस्मों (कृषि जैव विविधता) पर निर्भर करती हैं।<br>भविष्य में जबरदस्त और स्थायी तापमान परिवर्तन के होने से कृषि जैव विविधता कम हो जायेगी, और साथ–ही–साथ पांरपरिक औषधीय पौधों की विविधता भी घटने लगेगी।<br>जलवायु परिवर्तन से प्रभावित महिलाओं का स्थानीय, राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तरों पर निर्णय लेने वाले घटकों में न कोई प्रतिनिधित्व और न भागीदारी। |

स्रोत: UN Millennium Campaign and IUCN Report on Gender and Climate Change (no date) पर आधारित।

5 http://www.eurongos.org/Files/HTML/EuroNGOs/AGM/Malaria_Climate_Change_SRH.pdf
6 http://cmsdata.iucn.org/downloads/disaster_and_gender_statistics.pdf
7 Oxfam International. (2005). The tsunami's impact on women. Oxfam Briefing Note, Oxford, United Kingdom. Available at http://www.preventionweb.net/files/1502_bn050326t-sunamiwomen.pdf

# *Alternative* FUTURES

Creating another future together

Alternative Futures is a development research and communication group working on creative and meaningful policy, social and technological alternatives and innovations for sustainable development and social change. We are inspired by the vision of a society based on the principles of ecological sustainability, social justice, spirituality and cultural pluralism. Our objective is to create an alternative future that is more humane, just and sustainable, by catalyzing and bringing together a community of change-makers.

Activities undertaken by Alternative Futures include:

- Policy research and advocacy, field research and surveys, sector studies, background papers, resource manuals
- Documentation of initiatives and innovations for development and social transformation and dissemination of these through the website **www.iforchange.org** and other channels
- Monitoring and evaluation studies
- Media outreach through old and new media, communication and preparation of information, education and communication (IEC) materials
- Support to innovative voluntary efforts and capacity-building initiatives

For more information and to contact us visit **www.alternativefutures.org.in**

# अल्टरनेटिव फ्यूचर्स

## वैकल्पिक भविष्य की ओर

अल्टरनेटिव फ्यूचर्स विकास–संबन्धी शोध और संप्रेषण समूह है, जो टिकाऊ विकास और सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्यरत है। यह समूह रचनात्मक और सार्थक नीति एवं सामाजिक और तकनीकी विकल्पों पर शोध करके उनको बढावा देता है। हम नये विचारों, सामाजिक परियोजनाओं एवं उपायों को भी प्रोत्साहित करते हैं। हम पारिस्थितिक स्थिरता (ईकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी), सामाजिक न्याय, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक बहुलवाद के सिद्धांतों पर आधारित समाज की कल्पना से प्रेरित हैं। हम परिवर्तनशील लोगों को आपस में जोड़कर एक ऐसे वैकल्पिक भविष्य को बनाना चाहते हैं जो मानवीय, न्यायसंगत और टिकाऊ हो।

अल्टरनेटिव फ्यूचर्स की निम्नलिखित गतिविधियां हैं:

- नीतियों एवं विभिन्न मुद्दों पर शोध और पैरवी; कार्यक्षेत्र (फील्ड) शोध और सर्वेक्षण; इन शोधों के आधार पर दस्तावेज, मैनुअल एवं रिर्पोटें तैयार करना।
- विकास और सामाजिक परिवर्तन के लिए पहलों, कार्यक्रमों और नये विचारों एवं उपायों पर शोध। वेबसाइट **www.iforchange.org** तथा अन्य चैनलों के माध्यम से इनके बारे में प्रचार एवं प्रसार।
- परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की निगरानी (मॉनिटरिंग) और मूल्यांकन।
- नए और पुराने मीडिया के माध्यम से प्रचार एवं प्रसार। विभिन्न मुद्दों पर जानकारी, शिक्षा और प्रसार के लिए सामग्री तैयार करना।
- अभिनव सामाजिक एवं स्वैच्छिक प्रयासों का समर्थन और इनमें क्षमता–निर्माण।

अधिक जानकारी एवं संपर्क के लिए **www.alternativefutures.org.in** पर जाएँ।

To deal with the impacts of climate change, all state governments and Union Territories in India have made, or are in the process of making, their State Action Plans on Climate Change (SAPCCs), based on India's National Action Plan on Climate Change (NAPCC). Mandated by the Ministry of Environment and Forests, several of these plans are available on the respective State government websites. While the NAPCC recognizes in principle that women are impacted first and worst by climate change, the gender dimension is yet to be addressed at all in the action plans. This policy brief highlights the gender dimensions of climate change in the context of SAPCCs. It suggests:

- an insight into gender differentiated impacts of climate change;
- why women need to be an integral part of all climate solutions;
- specific actions that different government and non-government agencies must take to ensure that women are able to adapt to climate change; and
- how women can contribute to the overall development of the country by contributing to climate change adaptation.

For more information see **http://gencap.org.in**

देश और दुनिया में हो रहे जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में हमारे राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों ने कार्य–योजनाएं (स्टेट ऐक्शन प्लानस ऑन क्लाइमेट चेंज–एस.ए.पी.सी.सी.) बनाई हैं। यह योजनाएं नेशनल ऐक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज (एन.ए.पी.सी.सी.) पर आधारित हैं। इन कार्य–योजनाओं के संदर्भ में यह नीति पत्र जलवायु–परिवर्तन के लिंग–भेद आयामों पर प्रकाश डालता है। ऐसी कुछ योजनाएं राज्य–सरकारों की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। यह पत्र महिलाओं पर होने वाले जलवायु–परिवर्तन के प्रभावों का अलग से विश्लेषण करता है और बताता है किः

- क्यों महिलाओं को सभी जलवायु समाधानों का एक अभिन्न हिस्सा बनाने की जरूरत है।
- विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी संस्थाएं क्या कदम उठायें ताकि महिलाएं जलवायु–परिवर्तन अनुकूलन में उचित योगदान कर सकें।
- जलवायु परिर्वतन अनुकूलन के द्वारा महिलाएं किस प्रकार से देश के समग्र विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु योगदान कर सकती हैं।

अधिक जानकारी के लिए देखें **http://gencap.org.in**

Alternative Futures

CDKN Climate & Development Knowledge Network